.   *प्रेस विज्ञप्ति*

सेंट जॉन्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में काव्य पुस्तक का अनावरण

आज दिनांक 28 फरवरी 2021 को सेंट जॉन्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल मेरठ कैंट में सेंट जॉन्स की पूर्व होनहार छात्रा सिद्धि बंसल की कविताओं की एक पुस्तक का अनावरण किया गया।

पुस्तक का नाम है" ड्रीम्स इन ट्विन्ड"

जिसकी कवयित्री का नाम है सिद्धि बंसल।

सिद्धि बंसल सेंट जॉन्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल की सत्र 2020 की होनहार छात्रा है ।वह सदा से ही कविताएं लिखने और सुनाने में हमेशा तत्पर रहती थी।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री बी डी पांडे सीनियर जेल सुपरिटेंडेंट मेरठ रहे जिन्हें राष्ट्रपति पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया है ।

गेस्ट ऑफ ऑनर इस कार्यक्रम में रहे डॉ पूनम देवदत्त जो की जानी-मानी मनोवैज्ञानिक है तथा शोभित यूनिवर्सिटी में डीन के पद पर कार्यरत हैं।

डॉ ललिता यादव असिस्टेंट प्रोफेसर ऑफ हिंदी ,

मिस्टर संजय जैन प्रधानाचार्य वर्धमान अकैडमी राधा गार्डन मेरठ, मिस्टर विकास जैरथ कार्यक्रम में अतिथि के रुप में सम्मिलित रहे ।

कार्यक्रम में कार्यकारी प्रधानाचार्य डॉ शिमोना जैन ने सभी अतिथियों का धन्यवाद किया तथा सिद्धि बंसल के प्रयासों की भूरी भूरी प्रशंसा की और उन्हें भविष्य में ऐसे कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

सिद्धि बंसल ने बताया कि पूर्व प्रधानाचार्य श्रीमती चंद्रलेखा जैन उनकी प्रेरणा स्रोत है उन्हीं से अपने जीवन में कदम कदम पर प्रेरणा पाकर अपने कार्यों का संपादन करती हैं।